ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 02-05-2023

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-05-02 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-05-03	2023-05-04	2023-05-05	2023-05-06	2023-05-07
वर्षा (मिमी)	3.0	1.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	28.0	30.0	30.0	31.0	31.0
न्यूनतम तापमान(से.)	16.0	18.0	17.0	18.0	18.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	85	75	70	70	70
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	45	40	35	30
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12	8	9	10	12
पवन दिशा (डिग्री)	50	50	70	290	70
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	6	1	3	5

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (25 अप्रैल - 01 मई , 2023) में 44.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 28.0 से 35.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 15.4 से 19.3 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 59 से 89 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 22 से 39 प्रतिशत एवं हवा 1.0 से 5.4 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-दक्षिण-पूर्व पूर्व-उत्तर-पूर्व व पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, 3 मई 2023 को कहीं-कहीं बूंदा बांदी व हल्की वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन हल्के से मध्यम बादल छाये रहेंगे हवा के 8.0-12.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पूर्व, पश्चिम-उत्तर-पश्चिम व पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 28.0 से 31.0 व 16.0 से 18.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा|

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई, हो रही वर्षा को सज्ञान में रखकर, मौसम साफ होने की दशा में धान-गेंहूँ फसल चक्र में, हो गयी गेंहूँ की कटाई एवं अन्य रबी फसलों की कटाई के बाद हरी खाद हेतु मुख्यतः ढैंचा एवं सनई की बुवाई करें। बलुई एवं दोमट मृदाओं में सनई भारी मृदा एवं जल भराव वाले क्षेत्रों में ढैंचा को प्राथमिकता दें। ढैंचा के लिए बीज दर 50-60 किग्रा/है एवं सनई के लिए बीज दर 80-90 किग्रा/है रखें। रबी फसल की कटाई के बाद मौसम साफ होने पर खाल खेतो की गहरी जुताई कर खेत को खुला छोड़ दे जिससे सूर्य की तेज धूप से गर्मी होने के कारण इसमे छिपे कीटों के अंडे तथा घास के बीज नष्ट हो जाएगे ।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 3 मई 2023 को कहीं-कहीं बूंदा बांदी व हल्की वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन हल्के से मध्यम बादल छाये रहेंगे

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
डाइन्चा	किसान भाइयो हो रही वर्षा के बाद मौसम साफ होने पर, हो चुकी गेंहूँ एवं अन्य रबी फसलो की कटाई के बाद खाली खेत में हरी खाद हेतू ढैंचा तथा सनई की बुवाई करें। सनई की नरेन्द्र सनई-1 तथा ढैंचा की पंत ढैंचा-1 हिसार ढैंचा-1 आदि उन्नतशील किस्मो का चुनाव करे। सनई हेतू बीज दर 80-90 किलोग्राम/हेक्टेयर तथा ढैंचा हेतू बीज दर 60-80 किलोग्राम/हेक्टेयर रखें।
चावल	धान की मध्यम एवं देर से पकने वाली प्रजातियों की नर्सरी माह के अंतिम सप्ताह में डाल दें।
मूँग	किसान भाई हो रही वर्षा को संज्ञान में रखकर मूंग में सिंचाई का कार्य स्थगित करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
भिण्डी	किसान भाइयो मौसम पूर्वानुमान को संज्ञान में रखकर ही भिंडी की फसल में हल्की निराई-गुड़ाई करे।
सेम की फली	किसान भाइयो ध्यान रहे हो रही वर्षा को ध्यान में रखकर ही फ्रासबीन में किसी भी रासायनिक छिड़काव का कार्य, कुछ दिनों के लिए स्थगित करें
राजमा/ लोबिया	लोबिया मे जड़ एवं तना गलन रोग की रोकथाम हेतु कार्बन्डाजिम 1 ग्राम/ली0 पानी की दर से घोल बनाकर जड़ो की सिंचाई करे। किसान भाइयो ध्यान रहे हो रही वर्षा को ध्यान में रखकर ही किसी भी रासायनिक छिड़काव का कार्य, मौसम साफ रहने की दशा में ही सुनिश्चित करें
आम	आम के बाग में मौसम साफ होने की दशा में डांसी मक्खी के लिए काष्ठ निर्मित यौन गंध ट्रैप को पेड़ पर लगाना चाहिए (10 ट्रैप/है0)है । यौन गंध ट्रैप को दो माह में बदल देना चाहिए।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	किसान भाइयो वर्षा रुकने के उपरान्त मौसम साफ होने की दशा में पशुशाला के आसपास की नालियो में मेलाथियॉन अथवा अन्य कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव समय समय पर कराते रहे। मौसम साफ होने के बाद तापमान में वृद्धि होने से इन गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें। पीने के पात्र को साफ रखना चाहिए और दिन के समय पशुओ को कम से कम चार बार पानी जरूर पिलाये। पशुओं में मेस्टाईटिस के लक्षण दिखाई देने पर इसका तुरंत इलाज करें
गाय	किसान भाइयो वर्षा रुकने के उपरान्त मौसम साफ होने की दशा में पशुशाला के आसपास की नालियो में मेलाथियॉन अथवा अन्य कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव समय समय पर कराते रहे। मौसम साफ होने के बाद तापमान में वृद्धि होने से इन गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें। पीने के पात्र को साफ रखना चाहिए और दिन के समय पशुओ को कम से कम चार बार पानी जरूर पिलाये। पशुओं में मेस्टाईटिस के लक्षण दिखाई देने पर इसका तुरंत इलाज करें